HUMAN RIGHTS AT SEA

पारदर्शिता | स्पष्टता | जवाबदेही

आपके मानवाधिकार कौन से हैं?

मानव अधिकार बहुत महत्वपूर्ण हैं और ये सभी पर लागू होते हैं। आपके अधिकारों में ये शामिल हैं:

- जमीन या समुद्र में जीवन का अधिकार।
- यातना से मुक्त रहने का अधिकार।
- स्वतंत्रता, सुरक्षा और गुलामी से मुक्ति का अधिकार।

कभी न भूलें; आपके मानवाधिकार और मौलिक स्वतंत्रता की गारंटी है और इन्हें छीना नहीं जा सकता है।

मानवाधिकार सभी पर लागू होते हैं

मानवाधिकार सभी पर लागू होते हैं, चाहे आप कहीं भी रहें, आपकी कोई भी राष्ट्रीयता, जातीय मूल, रंग, लिंग, धर्म, भाषा या कोई भी अन्य स्थिति हो।







आपके मानवाधिकार कहीं भी लागू होते हैं: भूमि पर या समुद्र में

जहाज, तैरते हुए द्वीप के समान होता है और उस देश के कानूनों द्वारा संरक्षित होता है जिस देश का वह झंडा फहराता है।

आपके जहाज को अपने ध्वज से संबद्ध देश के नियमों का पालन करना चाहिए। इनमें रहने और कार्य करने की स्थिति तथा कप्तान और अन्य चालक दल के सदस्यों द्वारा जहाज का कानून के अनुरूप संचालन शामिल हैं।



हम सभी को जीवन जीने का अधिकार है

हम सभी को जीवन जीने और स्वतंत्रता से जीने का अधिकार है। यह अधिकार अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय कानून द्वारा संरक्षित है। आपकी सरकार को आपकी सुरक्षा के लिए कानून बनाकर आपके जीवन की सुरक्षा के लिए उचित उपाय करने चाहिए। यदि आपके अधिकारों का हनन होता है, तो आपकी सरकार को प्रभावी उपाय भी प्रदान करने चाहिए।



हम सभी यातना से मुक्त हैं

अत्याचार तब होता है जब कोई व्यक्ति जानबूझकर किसी अन्य व्यक्ति को गंभीर शारीरिक या मानसिक पीड़ा देता है। किसी भी प्रकार का अत्याचार अस्वीकार्य है। यातना गैरकानूनी है। किसी को भी आपको चोट पहुँचाने का या किसी भी परिस्थिति में या किसी भी कारण से यातना पहुँचाने का कोई अधिकार नहीं है।



हम सभी गुलामी से मुक्त हैं

आपका किसी संपत्ति के हिस्से की भांति स्वामित्व हासिल नहीं किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यदि आप किसी जहाज आपके मानवाधिकार कौन से हैं?पर कार्य करते हैं, तो जहाज का मालिक आपका स्वामित्व नहीं कर सकता है और आपको जहाज़ पर रहने के लए़ि मजबूर नहीं कयिा जा सकता है।

समुद्र में आधुनिक गुलामी

नई वैश्विक अर्थव्यवस्था ने कई लोगों के लिए कार्य के अवसर तो पैदा किए हैं, लेकिन यह गुलामी का एक नया रूप भी है। इससे कम लागत वाले श्रमिकों की मांग पैदा हुई है। कुछ नियोक्ता लागत कम करने के लिए अपने कर्मचारियों की कार्य स्थितियों की देखभाल नहीं करते हैं।

शिपिंग - नौ-परिवहन में रोजगार जटिल है; यह पता लगाना हमेशा आसान नहीं होता है कि आपके पास किस तरह की कार्यस्थल परिस्थितियाँ होनी चाहिए। लेकिन आपके अधिकार हमेशा लागू होते हैं; याद रखें कि आप किसी संपत्ति का भाग नहीं हैं।

हम सभी के पास स्वतंत्रता का अधिकार है

हमारे पास व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार है, जिसका अर्थ है कि हमें उचित कारण के बिना कैद या हिरासत में नहीं रखा जा सकता है। यदि आपकी स्वतंत्रता समाप्त की जाती है, तो आपको सूचित किया जाना चाहिए कि ऐसा क्यों किया गया। याद रखें, आप ऐसी दशा में भी अन्य मौलिक सुरक्षा के हकदार हैं जैसे कि निष्पक्ष परीक्षण का अधिकार और कानूनी प्रतिनिधित्व तक पहुँच।



याद रखें कि मानवाधिकार सभी पर लागू होते हैं और इन्हें कभी भी आपसे छीना नहीं जा सकता।

मानव अधिकार समुद्र में भी उतने ही लागू होते हैं जितने वे थल पर होते हैं

Human Rights at Sea | Langstone Technology Park | Langstone Road | Havant | PO9 1SA
enquires@humanrightsatsea.org
www.humanrightsatsea.org
www.justgiving.com/hras/donate GB19 BARC 2069 3410 8686 55
www.facebook.com/humanrightsatsea/
@hratsea
https://www.linkedin.com/company/human-rights-at-sea

University of BRISTOL
Designed by Marlins